RNI NO - UPHIN/2022/86937

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 295 | जौनपुर | रविवार, 15 जून 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

करंट की चपेट में आकर टेंट का काम कर रहे युवक की मौत

ब्यूरो प्रमुख /विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के आराजी नेवादा गांव में शुक्रवार की रात को करंट की चपेट में आकर टेंट हाउस में काम कर रहे युवक की मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। ऊक्त गांव के निवासी बिशुन सिंह के घर पर बहु भोज का कार्यक्रम था।उसी कार्यक्रम में टेंट लगाने सजाने के काम चल रहा था। टेंट में काम कर रहे मंगल कश्यप (18)पुत्र स्वर्गीय कमला कश्यप निवासी नेवादा थाना लाइनबाजार आया था।टेंट में काम करने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया।वह गिर कर अचेत हो गया।

संक्षिप्त खबरें

चंद्रबाबू नायडू ने विमान हादसे पर दुख जताया

आंध्र प्रदेश, एजेसी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना से वह बहुत दुखी हैं जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से लंदन जाने वाले उसके विमान में सवार 241 लोग मारे गए। नायडू ने बृहस्पतिवार देर रात 'एक्स' पर लिखा, ''अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में लोगों की मौत ने हमें गहरा दुख पहुंचाया है। अपने प्रियजनों को इस हादसे में खोने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति मिले।'' उन्होंने रूपाणी को एक मृदुभाषी और जनता के प्रति समर्पित विनम्र नेता के रूप में याद किया। बोइंग 787–8 विमान में 230 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य सवार थे। अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए 68 वर्षीय रूपाणी अपने शांत स्वभाव और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे। रूपाणी अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

बीरेन सिंह ने चालक दल के दो मणिपुरी सदस्यों की मौत पर शोक व्यक्त किया

मणिपुर, एजेसी। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में चालक दल के दो मणिपुरी सदस्यों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से लंदन जाने वाली उस उड़ान में सवार 241 लोग मारे गए। बीरेन सिंह ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर कहा, ''यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि अहमदाबाद में एअर इंडिया (विमान) की दुर्घटना में मणिपुर के दो युवा विमान कर्मी कोंगराबैलाटपम नगंथोई शर्मा और लामनुनथेम सिंगसन भी मारे गए।'' बोइंग 787–8 विमान में 230 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य सवार थे। सिंह ने यह भी कहा, ''दोनों ही युवा थे, समर्पण और गौरव के साथ सेवा कर रहे थे। उनका अचानक चले जाना उनके परिवारों, दोस्तों और हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके प्रियजनों को इस अकल्पनीय दर्द से उबरने की शक्ति मिले। एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 के चालक दल में शामिल मणिपुर के दो युवाओं की आत्मा को शांति मिले।

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जानमाल का नुकसान बेहद दिल दहलाने वाला – राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली, एजेसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना में लोगों की मौत बेहद दिल दहलाने वाली है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के

प्रति हार्दिक संवेदना भी व्यक्त की। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस त्रासदी में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मृत्यु पर भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में हुई जान–माल की क्षति बेहद दिल दहलाने वाली है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। देश ने इस त्रासदी में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जी को भी खो दिया है। रूपाणी जी हमेशा लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध थे। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। राष्ट्रपति ने इससे पहले 'एक्स' पर किए एक अन्य पोस्ट में कहा कि यह दुर्घटना एक हृदय विदारक त्रासदि थी और पूरा देश अवर्णनीय दुख की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, ''यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।'' लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की उड़ान (एआई171) अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपराह्न करीब 1.40 बजे उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे।

सीएम रेखा ने उत्तर–पश्चिमी दिल्ली के विकास कार्यों की समीक्षा किया

नई दिल्ली, एजेसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर–पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र की प्रमुख विकास परियोजनाओं और संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएम रेखा गुप्ता ने विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में सड़कों की मरम्मत, जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग और नालों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया।

मुख्यमंत्री ने इन क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सीएम रेखा गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल के नए ब्लॉक के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने और तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने को कहा। यह नया ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विकासपुरी से मुकरबा चौक तक रिंग रोड के नवीनीकरण कार्य को भी प्राथमिकता दी गई। सीएम रेखा गुप्ता ने इस परियोजना को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए और घोषणा की कि वह 30 जून को स्वयं कार्य की प्रगति का निरीक्षण करेंगी। इस सड़क के नवीनीकरण से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और लोगों की आवाजाही आसान होगी। रोहिणी सेक्टर–4 में वृद्धाश्रम के निर्माण को शीघ्र शुरू करने के आदेश भी दिए गए। इस परियोजना से वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

अहमदाबाद विमान हादसे पर मल्लिकार्जुन खरगे ने जताया दुख

नई दिल्ली, एजेसी। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताया है। उन्होंने हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कांग्रेस समेत सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं से घायलों और मृतकों के परिवारों की मदद करने की अपील की। खरगे ने कहा कि सरकार पीड़ितों को वित्तीय और चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की पूरी जिम्मेदारी ले। सरकार को यह तय करना चाहिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार मिले। उन्होंने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए घटना की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को या तो सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा जज या रिटायर्ड जज से जांच करानी चाहिए ताकि पता चल सके कि यह दुर्घटना क्यों हुई और इसका कौन जिम्मेदार है। खरगे ने दावा किया कि पायलट पर निर्धारित प्रस्थान समय से पहले उड़ान भरने का कथित दबाव था। केवल जांच से ही सच्चाई सामने आएगी।

शाह की टिप्पणी पर कांग्रेस का हमला

कांग्रेस ने अहमदाबाद में गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को असंवेदनशील करार दिया। कांग्रेस

नेता पवन खेड़ा ने कहा कि अमित शाह की दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता वाली टिप्पणी त्यागपत्र है। जब कोई विमान दुर्घटनाग्रस्त होता है और लोग मरते हैं, तो गृह मंत्री कम से कम जवाबदेही का वादा तो कर ही सकते हैं, न कि कंधे उचकाकर भाग्य पर भाषण दे सकते हैं। कोई भी दुर्घटना को नहीं रोक सकता एक त्यागपत्र है। अगर कुछ भी नहीं रोका जा सकता, तो हमारे पास मंत्रालय क्यों हैं।

खेड़ा ने कहा कि विमानन दुर्घटनाएं दैवीय कृत्य नहीं हैं – उन्हें रोका जा सकता है। इसीलिए हमारे पास विमानन नियामक, सुरक्षा प्रोटोकॉल और संकट प्रतिक्रिया प्रणालियां हैं। गृह मंत्री के तर्क के अनुसार क्या हमें सुरक्षा बुनियादी ढांचे, विनियमन या संकट की तैयारी में निवेश करना बंद कर देना चाहिए। इसे भाग्य पर छोड़ दो और इसे खत्म कर दो? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा कि क्या केंद्रीय गृह मंत्री को अब यही कहना चाहिए? यह अत्यंत असंवेदनशील है।

शाह ने यह कहा था

शाह ने गुरुवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में ईंधन जलने के कारण तापमान इतना अधिक था कि किसी को बचाने की कोई संभावना नहीं थी।

सीपीआई ने भी की जांच की मांग

माकपा ने शुक्रवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि सरकार को इस दुखद घटना की गहन जांच शुरू करनी चाहिए। सीपीआई (एम) ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) एअर इंडिया के विमान की दुखद दुर्घटना से बहुत दुखी है।

हम दुर्घटना में मारे गए सभी यात्रियों, चालक दल के सदस्यों, मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

भारत सरकार को दुर्घटना की गहन जांच शुरू करनी चाहिए और यह तय करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं।

यात्रियों को बचाने की गुंजाइश ही नहीं थी – गृहमंत्री शाह

नई दिल्ली, एजेसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी।शाह ने संवाददाताओं से कहा, ''विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी।'' उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे।'' शाह ने कहा, ''अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं।'' उन्होंने कहा, ''विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों से डीएनए नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और गुजरात में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय पीड़ितों के डीएनए की जांच करेंगे।'' एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे वाली जगह का दौरा कर सिविल अस्पताल पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

अहमदाबाद, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद में एयर इंडिया के प्लेन क्रैश साइट पर पहुंचे। पीएम मोदी यहां से अस्पताल जाएंगे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद में एक समीक्षा बैठक भी करेंगे। दूसरी ओर घटना स्थल पर स्निफर डॉग्स का स्क्वाड बुला लिया गया है। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। हादसे की जगह को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। पुलिस के साथ–साथ एनडीआरएफ की टीम

भी मौके पर मौजूद है। गुरुवार को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।" घटना स्थल पर मौजूद एक एनडीआरएफ जवान ने बताया, ष्अभी स्थिति सामान्य है। जो लोग बाहर मलबा गिरने के बाद जल गए थे, उन्हें निकाल लिया गया है। अब बाकी की तलाशी इमारत के अंदर की जाएगी। बाहर कोई नहीं बचा है। बाहर तलाशी अभियान कल से ही चल रहा था और सभी को वहां से निकाल लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शी सूरज ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 1:40 के आसपास धमाका हुआ, तो हम अपने घर से भागे, । घटना स्थल से हमारा घर ज्यादा दूर नहीं था।

महागठबंधन की बैठक में सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया - तेजस्वी यादव

पटना, एजेसी। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज होती जा रही है। इस बीच, राजनीतिक दलों और गठबंधनों की बैठकें भी होने लगी हैं। सभी राजनीतिक दल अपनी–अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। विपक्षी दलों के महागठबंधन के घटक दलों की गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और महागठबंधन समन्वय समिति के प्रमुख तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर हुई इस बैठक में सीट शेयरिंग का प्रारूप तय करने, चुनावी रणनीति पर संवाद स्थापित करने और सत्ता पक्ष को घेरने की भी चर्चा की गई। बैठक में समन्वय

समिति और उप समिति के लोग भी शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम समेत वाम दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि यह बैठक पहले से ही तय थी। इस बैठक में सभी समितियों के लोग पहुंचे और चर्चा हुई। इससे पहले भी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हम लोग बैठक कर चुके हैं। उन्होंने कहा, सभी को जिम्मेदारियां दी गई हैं और जल्द से जल्द कार्यक्रम बनेगा, मेनिफेस्टो बनेगा, हर एक चीज को लेकर डिटेल में बातचीत हुई है। हमारी अच्छी टीम बनी है। बिहार की जनता भी बदलाव चाहती है। उनके लिए हम लड़ेंगे और परिवर्तन लाएंगे। जनता की आवाज को किस तरह से उठाया जाए, चुनाव में जाने से पहले अपना मेनिफेस्टो तैयार कैसे हो, इन सभी विषयों पर बातचीत हुई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले महागठबंधन की तीन बैठकें हो चुकी हैं। तेजस्वी यादव को महागठबंधन समन्वय समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि, अब तक महागठ बंधन की ओर से मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है।

पूरा महाराष्ट्र हादसे के पीड़ितों के दुख में शामिल – देवेंद्र फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शोक जताया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा महाराष्ट्र पीड़ितों के परिवार के साथ है। महाराष्ट्र सीएमओ की तरफ से आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा गया है, "मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अहमदाबाद–लंदन विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। रिहायशी इलाके में विमान दुर्घटना की त्रासदी ने गंभीरता बढ़ा दी है। पूरा देश शोक में डूब गया है। इस दुर्घटना में कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। पूरा महाराष्ट्र राज्य इस दुख में शामिल है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी

प्रार्थना की कि उन्हें इस कठिन परिस्थिति से उबरने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार की सभी एजेंसियां और नागरिक इस आपदा के दौरान गुजरात में प्रशासन के साथ मजबूती से खड़े हैं।" अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 गुरुवार को क्रैश हो गई। फ्लाइट रनवे से टेक ऑफ होने के तुरंत बाद क्रैश हो गई। विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें सिर्फ एक व्यक्ति जिंदा बचा है। विमान एक मेडिकल संस्थान पर गिरा था। संस्थान के कितने लोग हताहत हुए हैं, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की मृत्यु भी हो गई। वह 2016 से 2021 तक मुख्यमंत्री रहे थे। वह राज्य के 16वें मुख्यमंत्री थे। हादसे के बाद एयर इंडिया और नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। एयर इंडिया के स्वामित्व वाले टाटा समूह ने जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के लिए एक–एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। साथ ही जो लोग जख्मी हैं, उनके इलाज की पूरी व्यवस्था भी टाटा ग्रुप करेगा।

संपादकीय

मुट्ठी में शीतलपेय

एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर–जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम–आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं। जून में कायदे से गर्मी की, लू की, लू से मरने वालों की और गर्मी की बीमारियों की चर्चा होनी चाहिए, एसी–कूलर की बिक्री की चर्चा होनी चाहिए, पर हो रही है आंधी–तूफान–बारिश और जल–जमाव की। इससे भी कम चर्चा है, गर्मी में सर्दी के नाम पर आग लगाने वाली कोल्ड–ड्रिंक कंपनियों की लड़ाई की। गर्मी के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का सीजन भी बीत गया और जिस क्रिकेट और आईपीएल को बहाना बनाकर पेप्सी और कोक महाभारत सी जंग लड़ा करते थे, उस ट्राफी का प्रायोजक बनने की लड़ाई लड़ते थे, वह न होने पर एक आभासी युद्ध लड़ते थे, विपणन और विज्ञापन जगत अपनी प्रतिभा को इस सीजन के लिए बचाकर रखता था, वह सब इस सीजन में कहीं नहीं दिख रहा। एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर–जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम–आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं। शीतल–पेय गांव–देहात में भी मिलता है, फैशन की चीज बन गया है, पर इस बार की शांति एक और कारण से ज्यादा चुभने वाली है। इस बार शीतल–पेय बाजार में एक नया खिलाड़ी उतरा है जिसने दमदार दखल दी है। बाजार में आने के साथ ही उसने एक बड़े हिस्से पर कब्जा किया है, स्थापित ब्रांडों को झकझोरा है, वितरकों को निहाल कर दिया है। ग्राहक भी पुरानी कीमत में पेय की मात्रा लगभग दोगुनी पाकर खुश हैं और लग रहा है कि देश का शीतल पेय बाजार बदलने जा रहा है। दशकों पहले मर से गए एक ब्रांड, कैम्पा कोला को स्पार्ले ड्रिंक्स वाले चौहान से मामूली कीमत पर खरीदकर मुकेश अंबानी और रिलायंस ने एक नए कारोबार में पैर बढ़ाए हैं और वहां के सारे समीकरण बदल दिए है। प्रतिद्वंद्वी ब्रांडों ने कीमत कम की है, मात्रा बढ़ाने की कोशिश भी हो रही है, लेकिन ग्राहक और नीचे तक के वितरक दूसरे ब्रांड से पट जाएं तो काम आसान नहीं रहता। पेप्सी और कोक की तरफ से अभी जवाबी हमला नहीं हुआ है, लेकिन बाजार तो बदलता दिखता है। जानकार मानते हैं कि कैम्पा का शेयर दहाई में आ चुका है। जिस आईपीएल के प्रसारण में कोक और पेप्सी तथा भारत में बिकने वाले उनके सबसे लोकप्रिय ब्रांड थम्सअप के नए–नए विज्ञापनों की बाढ़ रहती थी, एक–दूसरे को गुलाब जामुन और घटिया स्वाद वाला बताया जाता था, जिस लाल को अपना और नीले को दुश्मन बताया जाता था, वैसा इस बार कुछ नहीं है। दक्षिण के एक हीरो का बहुत औसत किस्म का विज्ञापन ही बार–बार दोहराया जा रहा था और सूचना दे रहा था कि कोक–पेप्सी दौर के पहले जिस कैम्पा का जलवा था।

जून आते ही आपातकाल की चर्चा शुरु

आदित्य

देश में एक बार फिर आपातकाल पर चर्चा छेड़ी जा चुकी है। पिछले 11 सालों से यह सिलसिला चल ही रहा है कि जून का महीना आते ही आपात काल की याद दिलाकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके साथ कांग्रेस को भी कटघरे में खड़ा किया जाए। ठीक है कि इतिहास की गलतियों से सबक लेकर वर्तमान सुधारने और भविष्य को संवारने की नसीहत दी जाती रही है। लेकिन यहां मकसद कुछ और ही दिखता है। पहली बात तो यह कि आपातकाल किन हालात में लागू किया गया, संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही इस पर फैसला लिया गया या नहीं, अगर उस समय आपातकाल नहीं लगाया जाता तो क्या पूरे देश में अराजकता नहीं फैल जाती, इन बातों पर ईमानदारी से विचार न कर केवल एकतरफा राय थोपी जाती है कि इंदिरा गांधी तानाशाही मानसिकता की थीं, वे सारी शक्ति अपने हाथ में रखना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने आपातकाल लगाया। ऐसे इल्जाम लगाने वाले लोग भूल जाते हैं कि उन्हीं इंदिरा गांधी को फिर से जनता ने ही भारी बहुमत देकर सत्ता पर बिठाया था। खैर, आपातकाल आज से 50 बरस पुरानी बात है और इस एक फैसले के अलावा भी इंदिरा गांधी ने बहुत से अन्य क्रांतिकारी फैसले लिए थे, प्रिवीपर्स का खात्मा, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, परमाणु परीक्षण, बांग्लादेश का निर्माण, इन सब फैसलों की तारीख और साल भाजपा उस तरह से याद क्यों नहीं करती है, जैसे आपातकाल को करती है। यहीं मकसद की बात सिद्ध होती है कि जब अपनी सत्ता की उपलब्धियां गिनाने के लिए कुछ खास न रहे, तो फिर पूर्ववर्ती शासकों की गलतियां गिनाकर ध्यान भटकाया जाए। भाजपा इस समय इसी कार्य में लगी है। आपातकाल के पचास बरस पर मोदी सरकार के 11 बरस भारी पड़ सकते थे, बशर्ते इस एक दशक में देश को सम्मान और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कोई काम हुआ होता। मगर 11 सालों की याद करें तो सबसे पहले योजना आयोग का खात्मा, फिर नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, किसान आंदोलन, सीएए, एनआरसी, जम्मू–कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेना, उसे केंद्र शासित राज्य बनाकर दो हिस्सों में बांटना, राम मंदिर उद्घाटन ऐसे कार्य और फैसले ही याद आते हैं। इन सबमें उपलब्धि कम और विवाद ज्यादा खड़े हुए हैं, और जो रही–सही कसर थी, उसे डोनाल्ड ट्रंप के अपमानजनक व्यवहार ने पूरी कर दी। भारत का वैश्विक स्तर पर अपमान करने की चेष्टा अमेरिका ने शुरु से की, लेकिन नेहरूजी से लेकर बाजपेयीजी और डा. मनमोहन सिंह तक सारे प्रधानमंत्रियों का रुतबा ऐसा था कि अमेरिका कोशिश ही करता रह गया, कभी कामयाब नहीं हुआ। अब डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ युद्धविराम पर बार–बार अपना दावा ठोंक रहे हैं और अब अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर पाकिस्तानी जनरल असीम मुनीर को खास न्यौता देकर ट्रंप ने भारत को नीचा दिखाने की चेष्टा की है। इधर कनाडा में होने जा रहे जी–7 को लेकर भी खुलासा हुआ है कि भारत को पहले इसमें आमंत्रित नहीं किया गया था, फिर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने खुद फोन करके प्रधानमंत्री मोदी को आने का न्यौता दिया, लेकिन इससे पहले एक शर्त मनवा ली। शर्त यह कि कनाडा के साथ कानून प्रवर्तन यानी लॉ इनफोर्समेंट में भारत सहयोग करेगा। नरेन्द्र मोदी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन प्रधानमंत्री कार्नी ने खुद इसकी जानकारी दी है। इसमें हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड का जिक्र खुल कर नहीं किया गया है। लेकिन ये समझना कठिन नहीं है कि कनाडा ने लॉ इनफोर्समेंट सहयोग की शर्त आखिर क्यों रखी। वह पहले भी भारत पर इस हत्या में भागीदार होने का इल्जाम लगा चुका है और दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास इसी मुद्दे के बाद बढ़ी थी। अब कनाडा अपनी शर्त मनवा कर भारत को न्यौता दे रहा है, इसका कैसा संदेश दुनिया में जाएगा, यह समझा जा सकता है। वैसे भी आखिर किसी समूह की बैठक में भागीदारी के लिए शर्त मानने की बात क्या उचित है, क्या यह भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना नहीं है, यह भी विचारणीय है। विदेश नीति से लेकर घरेलू मसलों तक कई मुद्दों पर इस समय व्यापक चर्चा की जरूरत है। संसद का मानसून सत्र तो अगले महीने शुरु होगा, लेकिन विपक्ष पिछले एक महीने से पहलगाम हमले और आपरेशन सिंदूर को लेकर संसद के विशेष सत्र की मांग करता रह गया और सरकार ने उसकी बात नहीं सुनी। क्या सत्ता की मनमर्जी आपातकाल जैसी ही नहीं लगती है। संसद में बैठे विपक्षी सांसदों की बात सरकार नहीं सुनती, अपने आलोचक लेखकों–पत्रकारों– बुद्धिजीवियों पर तरह–तरह के अंकुश लगाए जाते हैं, किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, विद्यार्थियों की तकलीफ सरकार नहीं समझ रही है, ये सब देश में अघोषित आपातकाल की तरह ही हैं। लेकिन सरकार इसे बहुमत का अधिकार समझ कर अपना शक्ति प्रदर्शन करने में लगी है। तो अब सरकार ने इसकी चर्चा थोड़ी कम कर ली है और साथ ही आपातकाल की 50वीं बरसी मनाने के लिए जो विशेष सत्र बुलाना था, उससे भी कदम पीछे खींचे गए, क्योंकि सत्र लगता तो फिर विपक्ष सरकार से वही सवाल पूछता जो महीने भर से पूछ रहा है। हालांकि अब एक और फैसले की जानकारी आई है कि देश के सभी जिलों में 25–26 जून को मॉक पार्लियामेंट यानी नकली संसद का आयोजन करेगी और छात्रों को आपातकाल की भयावहता के बारे में बताएगी कि किस तरह कांग्रेस ने उस समय सारी शक्ति अपने हाथ में करने की कोशिश की थी।

भारत को चाहिए संदेह से परे एक चुनाव आयोग

डॉ. ज्ञान

सरकार किस तरह से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और भारतीय चुनाव आयोग पीएमओ की इच्छा के आगे झुक रहा है, यह दिसंबर, 2024 में स्पष्ट हो गया था, जब केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 1961 के नियमों के नियम 93 (2) में संशोधन किया था, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले श्कागजातश या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके। यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भी गया। स्वंतंत्रता के बाद से ऐसा कभी नहीं हुआ जब भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) पर लोगों का इतना अविश्वास रहा हो, जितना अब खुलकर व्यक्त किया जा रहा है। ईसीआई को चुनावी लड़ाई में एक तटस्थ अंपायर के रूप में अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कई मौकों पर ऐसा लगा कि यह प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का ही एक विस्तार है। इस संवैधानिक निकाय की स्वायत्तता को कानूनी साधनों के जरिए सीमित कर दिया गया है। चुनावों के दौरान, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पक्ष लेता हुआ देखा गया है, खास तौर पर उनके नफरत भरे भाषणों के मामले में, और चुनाव के बाद, यह चुनावी डेटा को भी ब्लॉक कर रहा है। हरियाणा में चुनाव 5 अक्टूबर 2024 को और महाराष्ट्र में चुनाव नवंबर 2024 में हुए। फिर भी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अब 7–8 महीने की देरी के बाद चुनावी डेटा सौंपने के लिए श्सटीक तारीखश मांगनी पड़ रही है। उन्होंने पूछा, श्मतदाता सूची सौंपने के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाया गया पहला अच्छा कदम है। क्या चुनाव आयोग कृपया सटीक तारीख की घोषणा कर सकता है, जिस तक यह डेटा डिजिटल, मशीन–पठनीय प्रारूप में सौंप दिया जायेगा? सरकार किस तरह से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और भारतीय चुनाव आयोग पीएमओ की इच्छा के आगे झुक रहा है, यह दिसंबर, 2024 में स्पष्ट हो गया था, जब केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 1961 के नियमों के नियम 93 (2) में संशोधन किया था, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले श्कागजातश या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके। यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भी गया, जिसमें याचिकाकर्ताओं ने कहा कि चुनाव संचालन (द्वितीय संशोधन) नियम, 2024 नागरिकों की चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक पहुंच को प्रतिबंधित करके संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन करता है। सरकार ने कहा कि उसे मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता है। यह स्पष्ट था कि चुनावी डेटा प्रदान न करने के लिए सरकार एक इच्छुक पक्ष थी, और ईसीआई भी डेटा नहीं दे रहा है। सवाल यह है कि डेटा को अवरुद्ध करके ईसीआई और मोदी सरकार क्या छिपाना चाहती है? फिर चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता कहां है? और जब सरकार और ईसीआई दोनों द्वारा सावधानीपूर्वक अंधकार बनाये रखा जा रहा है, तो कोई भी व्यक्ति चुनावी प्रक्रिया पर कैसे विश्वास कर सकता है? मोदी सरकार की इच्छा के अनुसार, चलने का ईसीआई का यह एकमात्र उदाहरण नहीं है। आइए चुनावी बॉन्ड योजना मामले को याद करें। लोकसभा चुनाव 2024 से कुछ महीने पहले ही मोदी सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित किये जाने और दानदाताओं और लाभार्थी राजनीतिक दलों का विवरण प्रकाशित करने के लिए चुनाव आयोग को आदेश दिये जाने के बाद भी, चुनाव आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय में कुछ तर्क देकर इसे प्रकाशित न करने की पूरी कोशिश की थी। पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद चुनाव आयोग को डेटा प्रकाशित करना पड़ा। चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड योजना 2018 के अनुसार दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता का तर्क देते हुए स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तालमेल बिठाते हुए देखा। तीन सदस्यीय चुनाव आयोग इतना कमजोर क्यों हो गया है कि उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हुक्म का पालन करना पड़े? ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम 2023 ने दो चुनाव आयुक्तों को संवैधानिक रूप से असुरक्षित बना दिया है। केवल मुख्य चुनाव आयुक्त को ही हटाये जाने के विरुद्ध संवैधानिक रूप से संरक्षण प्राप्त है। उनका कार्यकाल मुख्य चुनाव आयुक्त की इच्छा पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, नये कानून के तहत उन्हें नियुक्त करने का अधिकार अंततरू प्रधानमंत्री के पास है, जिसे नियुक्ति समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर सुरक्षित किया गया, जिससे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में निष्पक्षता खत्म हो गयी। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में कोई पारदर्शिता नहीं रह गयी है। नवंबर 2021 में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सीईसी को पीएमओ के साथ बैठक में शामिल होने के लिए कहा था और सीईसी ने बैठक में भाग लिया था। यह स्पष्ट रूप से पीएमओ द्वारा ईसीआई की अधीनता का मामला था। जब विवाद हुआ, तो केंद्रीय कानून मंत्री ने एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया कि यह एक नोडल एजेंसी है और चुनाव सुधार से संबंधित कई मुद्दे 2011 से लंबित हैं। पीएमओ ने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक श्अनौपचारिक बातचीतश थी। ईसीआई को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया गया है। इसे 2019 के चुनावों के दौरान हुई घटना में देखा जा सकता है। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें थीं, जिसमें घृणा की भाषा भी शामिल थी।

..... विविध .....

45 डिग्री के पार पहुंचा पारा, इस भीषण गर्मी में भूलकर भी न करें ये 4 गलतियां



गर्मी के मौसम में अक्सर लोग कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। उत्तर भारत में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है, ऐसे में आइए इस लेख में जानते हैं कि किन गलतियों को भूलकर भी नहीं करना चाहिए। भारत में इस वक्त गर्मी का कहर अपने चरम पर है, और कई शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर चुका है। सूरज की तपिश और लू के थपेड़े जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग ने जुलाई तक एक लंबे समय तक चलने वाली हीटवेव की चेतावनी दी है, खासकर राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्थिति और भी गंभीर होने की आशंका है। यह भीषण गर्मी सिर्फ असहजता का कारण नहीं, बल्कि हीटस्ट्रोक, गंभीर डिहाइड्रेशन और अन्य जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का भी खतरा बढ़ा देती है। ऐसे में, खुद को और अपने प्रियजनों को इस जानलेवा गर्मी से बचाने के लिए कुछ खास गलतियों से बचना बेहद जरूरी है। इस भीषण गर्मी में छोटी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है, इसलिए सतर्कता और सही जानकारी के साथ इस मौसम का सामना करना ही समझदारी है। आइए जानें चार ऐसी गलतियां, जो इस मौसम में भूलकर भी नहीं करनी चाहिए। गहरे रंग के कपड़े, जैसे काला या नीला, सूरज की गर्मी को ज्यादा अवशोषित करते हैं, जिससे शरीर का तापमान बढ़ता है। टाइट कपड़े पसीने को सूखने से रोकते हैं और त्वचा को सांस लेने में दिक्कत होती है, जिससे घबराहट महसूस हो सकती है। ऐसे में हल्के रंग के ढीले–ढाले सूती कपड़े पहनें, जो हवा को पास होने दें।

पानी कम पीना

गर्मी में पसीने के कारण शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स तेजी से निकलते हैं। कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और किडनी की समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में कम से कम दिनभर में 8–10 गिलास पानी पिएं। साथ ही नारियल पानी, नींबू पानी, लस्सी या ORS जैसे पेय को अपनी डाइट में शामिल करें।

दोपहर में बाहर घूमना

दोपहर 12 से 3 बजे तक सूरज की किरणें सबसे तीव्र होती हैं, जिससे हीटस्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। ऐसी भीषण गर्मी में अक्सर गर्मी के कारण बेहोश होने की खबरें आती हैं। इसलिए दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें। तले हुए और मसालेदार भोजन शरीर की गर्मी बढ़ाते हैं और पाचन को धीमा करते हैं, जिससे असहजता होती है। भीषण गर्मी के मौसम में भारी भोजन से बचना चाहिए। हल्का और पानी से भरपूर भोजन, जैसे खीरा, तरबूज, दही और सलाद, को डाइट में शामिल करना चाहिए। छोटे–छोटे अंतराल में भोजन करें और ताजा फलों का रस पिएं।

गर्मियों में धूल और गर्म हवा नाखूनों को भी कर सकती है बर्बाद, ऐसे करें देखभाल

गर्मी के मौसम का असर लोगों की सेहत के साथ–साथ उनकी त्वचा पर भी दिखने लगा है। तेज धूप और गर्मी के कारण त्वचा रूखी होकर झुलसने लगी है। हम सभी चेहरे और हाथ–पैरों को तो गर्मी से बचा लेते हैं, लेकिन एक नाजुक अंग को ऐसे ही रहने देते हैं। हम बात कर रहे हैं नाखूनों की। दरअसल, नाखून काफी नाजुक होते हैं, ऐसे में तेज धूप और धूल का प्रभाव सबसे ज्यादा उनपर ही पड़ता है। इसी के चलते आज हम आपको बताएंगे कि आपको इनका ध्यान कैसे रखना चाहिए। हमारी बताई गई टिप्स को फॉलो करने के बाद आपके नाखून पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे।

नाखूनों को रखें मॉइश्चराइज

अक्सर लोगों को ऐसा लगता है कि गर्मी के मौसम में नाखूनों को मॉइश्चराइजर की जरूरत नहीं होती, जबकि ऐसा नहीं है। दरअसल, गर्मी में नाखून काफी ड्राई हो जाते हैं। ऐसे में समय–समय पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इसे खासतौर पर नाखूनों की त्वचा पर अप्लाई करें, ताकि क्यूटिकल्स अच्छे से मॉइश्चराइज हो पाएं। ऐसा न करने पर नाखूनों के आस–पास की त्वचा ड्राई हो जाएगी, जिससे नाखून कमजोर पड़ने लगेंगे।

हाथ धोते समय नाखूनों को साफ करें

जब भी हम हाथ धोते हैं तो हथेली और उसकी उल्टी तरफ की त्वचा को तो खूब अच्छे से साफ करते हैं, लेकिन अक्सर नाखूनों को साफ करना भूल जाते हैं। इस वजह से नाखूनों में गंदगी जम जाती है, जिससे नाखून कमजोर हो जाते हैं। इसलिए हाथ धोते समय नाखूनों को साफ करने का खास ध्यान रखें। दिन में कम से कम एक बार तो नाखूनों को ब्रश या सॉफ्ट ब्रश से हल्के से साफ करें।

नियमित ट्रिमिंग है जरूरी

यदि आप नाखूनों को सेट नहीं करेंगे तो इससे ये ऊपर से कमजोर हो जाएंगे। ऐसे में हर हफ्ते या हफ्ते में कम से कम दो बार अपने नाखूनों को ट्रिम करें। इससे नाखूनों की ग्रोथ भी अच्छी हो जाती है। लंबे नाखूनों में गंदगी जल्दी जमती है, जिससे बदबू और फंगल संक्रमण का खतरा बढ़ता है। इसलिए ट्रिमिंग जरूरी है।

धूप से ऐसे बचाएं

अगर आप बाहर काम करते हैं, तो नाखूनों पर भी सूरज की किरणों का असर पड़ सकता है। इसलिए अपने चेहरे के साथ–साथ नाखूनों को भी धूप से बचाकर रखें।

इसके लिए ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश में SPF बेस्ड टॉप कोट लगाएं। आजकल बाजार में एसपीएफ वाली नेल पॉलिश बड़ी ही आसानी से मिल जाती है, जिसे अप्लाई करके आप अपने नाखूनों को सुरक्षित कर सकते हैं।

भारत में रहकर घूमना है स्विट्जरलैंड या स्कॉटलैंड तो नॉर्थ ईस्ट की इन खूबसूरत जगहों की करें सैर

जब बात भारत की अनछुई खूबसूरती की होती है तो नॉर्थ ईस्ट इंडिया एक ऐसा क्षेत्र है, जो हर ट्रैवलर की बकेट लिस्ट में होना चाहिए। पहाड़, झरने, घाटियां, जनजातीय संस्कृति और शांति ये सब कुछ यहां एक साथ मिलते हैं।नॉर्थ ईस्ट इंडिया एक ऐसा खजाना है, जहां हर कोने में प्रकृति मुस्कुराती है और हर घाटी में शांति बसती है। पूर्वोत्तर भारत की कुछ जगहों के दृश्य किसी विदेशी नजारों से लगते हैं। यहां आपको स्विट्जरलैंड, स्कॉटलैंड और कनाडा का अनुभव मिल सकता है। अगर आप विदेश यात्रा पर नहीं जा सकते हैं तो पूर्वोत्तर भारत के उन क्षेत्रों की सैर करें, जहां का नजारा स्वर्ग से कम नहीं लगता। इस बार भीड़ से दूर एक सुकूनभरी जगह की तलाश में नॉर्थ ईस्ट के इन पर्यटन स्थलों की सैर पर जा सकते हैं।

शिलॉन्ग, मेघालय

पूर्वोत्तर भारत के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में मेघालय का शिलॉन्ग है। इसे पूरब का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। शिलॉन्ग प्राकृतिक सुंदरता से घिरा है। यहां की हरी–भरी पहाड़ियां और झरने शहर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। शिलॉन्ग में उमियाम लेक, एलीफेंट फॉल्स और शिलांग पीक की सैर करने जा सकते हैं। यहां घूमने का सबसे अच्छा वक्त मार्च से जून का महीना है।

चेरापूंजी, मेघालय

दुनिया की सबसे ज्यादा बारिश मेघालय के चेरापूंजी में होती है। चेरापूंजी अपने लिविंग रूट ब्रिज और मोसमराम गांव के लिए प्रसिद्ध है। चेरापुंजी के दृश्य बेहद मनमोहक होते हैं। यहां भीड़भाड़ कम और शांत व सुकून भरा माहौल रहता है। चेरापुंजी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में नोहकलिकाई फॉल्स और एशिया का सबसे साफ गांव मावलिननॉन्ग शामिल है।

तवांग

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में बौद्ध संस्कृति और ऊंचे पहाड़ों का मिलन देखने को मिलता है। यहां का नजारा स्विट्जरलैंड जैसा है। यहां स्थित तवांग मठ भारत का दूसरा सबसे बड़ा बौद्ध मठ है। यहां आप स्नोफॉल, पर्वत और शांत वातावरण के संगम का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। तवांग यात्रा पर जाएं तो सेला पास, मधुरी झील और गोरिचेन पीक जरूर घूमें।

गैंगटोक

सिक्किम की राजधानी गंगटोक एडवेंचर एक्टिविटी के लिए लोकप्रिय है। इस स्थान को एडवेंचर्स एक्टिविटीज का हब माना जाता है।

अगर आप ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग और याक राइडिंग करना चाहते हैं तो गंगटोक यात्रा पर जरूर जाएं। यहां आएं तो नाथुला पास, त्सोंगमो लेक, और रुमटेक मठ को घूमने जरूर जाएं। गंगटोक घूमने का बेस्ट समय गर्मियों में मार्च से मई और सर्दियों में अक्टूबर से दिसंबर का महीना है।

शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने और गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर करने के आदेश – पुलिस उप महानिरीक्षक

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने गुरुवार को पुलिस लाइन में अपराधिक घटनाओं को रोकने को लेकर पुलिस लाइन में आयोजित गोष्ठी में सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिया कड़े निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की मौजूदगी में आयोजित बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। डीआईजी ने जनपद के चिह्नित माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। नकबजनी के अपराधियों की गैंगशीट बनाने को कहा। लंबित जांच के शीघ्र निपटारे और महिला अपराधों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अपहरण के मामलों में पीड़ितों की बरामदगी और पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी को प्राथमिकता दी गई। शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने और गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर करने के आदेश दिए गए। हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और लूट के मामलों में प्रभावी पैरवी पर जोर दिया गया। गोष्ठी के बाद डीआईजी ने ग्राम चौकीदारों को साइकिल वितरित कीं। चौकीदारों को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। सैनिक सम्मेलन में पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गईं।और उनकी समस्याओं समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। डीआईजी ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया।पुलिस महानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बात करते हुए कहा कि आज पुलिस लाइन परिसर में जेटीसी और आरटीसी की आगामी ट्रेनिंग होना प्रस्तावित है उनसे संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर फेसिलिटी को चेक किया है इसके साथ ही अपराध समीक्षा व पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही की समीक्षा भी किया। उन्होंने कहा छोटे से छोटे अपराध को गंभीरता से लिया जाए,गौतस्करों व शराब तस्करो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जाए ऐसा दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।

हल्के आंधी के चलते लोगों ने गर्मी से महसूस की राहत

अयोध्या। रविवार की शाम अचानक हल्की आंधी के चलते शहर वासियो ने कुछ गर्मी से राहत महसूस किया।इधर काफी दिनों से तेज धूप तथा गर्मी के चलते शहर वासी काफी परेशान दिखाई दे रहे थे। इसी बीच आगोशित विद्युत कटौती के चलते भी चाहे विद्युत कटौती रात में हो या दिन में लोगों का जीना मुहाल हो गया था।लेकिन रविवार की की शाम हल्के हवा के चलते गर्मी से लोगो ने कुछ राहत महसूस किया। वही देखा जाए तो जिले के अन्य कहीं क्षेत्र में भी आंधी आने के संकेत मिले हुए हैं। इससे पूर्व करीब 15 दिन पहले जिले के आसपास के इलाकों में बारिश तथा आंधी आने के चलते लोगों ने कुछ गर्मी से राहत महसूस किया था लेकिन इधर एक सप्ताह से प्रचंड गर्मी के चलते लोगों का जीना बेहाल हो गया था।

वही इस बीच आंखों से विद्युत कटौती के चलते शहर वासी हो या फिर देहात क्षेत्र के गर्मी से बेहाल दिखाई दे रहे थे। अघोषित विद्युत कटौती के चलते दिन में किसी तरह लोग अपना समय बिता लेते थे।देखा जाए तो शहर में देर शाम से ही विद्युत की आवाजाही शुरू हो जाती थी और यह भोर तक चलती थी। जिसके चलते पंखे कूलर एसी आज शो पीस बने रहते थे और किसी किसी इलाकों में लोग रात भर जागते हुए बिताते थे। लेकिन रविवार के शाम हल्की सी आंधी के चलते लोगों ने राहत महसूस किया।

नकाबपोश बदमाशों ने 4.50 लाख के चेन और चार अंगूठियां लेकर फरार,सीसीटीवी के सहारे पुलिस जांच में जुटी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। लाइनबाजार थाना क्षेत्र के चांदमारी वार्ड में शनिवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह से बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर लूटपाट कर दी। बदमाशों ने गले से सोने की चेन और चार अंगूठियां लूट लीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब चार लाख पचास हजार रुपये बताई जा रही है। घटना सुबह 5:03 बजे की है, जब नंदकिशोर सिंह मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे। चांदमारी वार्ड स्थित पुलिया के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोककर पिस्टल तान दी और कीमती आभूषण छीन लिए। इसके बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए।सूचना पर लाइनबाजार पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। लाइन बाजार थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर सिटी स्टेशन काली मंदिर ओवर ब्रिज के नीचे लगे सभी कैमरों की जांच की और बदमाशों की पहचान के लिए क्षेत्र के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं,और संभावित मार्गों पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है।इस घटना के बाद से विश्वविद्यालय कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने इसे प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की विफलता करार दिया है और जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।मोहल्लेवासियों ने इस वारदात को लेकर चिंता जताई है और कहा कि सुबह–सुबह टहलने निकलना भी अब सुरक्षित नहीं रहा। इस मामले में थाना अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया गया है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों को पकड़ने का प्रयास जारी है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

घटना से आक्रोशित लोगों ने मांग की है कि प्रशासन रात्रि और प्रातः गश्त को तत्काल प्रभाव से बढ़ाए। खुलेआम हथियारबंद अपराधियों द्वारा लोगों निशाना बनाया जाना न केवल कानून–व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करता है, बल्कि आम जनमानस में सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंता का भी संकेत है।

संक्षिप्त खबरें

तेज रफ्तार बाइक गुमटी में घुसी... युवक की मौत

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार की रात एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गुमटी में जा घुसी। हादसे में युवक की मौत हो गई। वह हेलमेट लगाए थे। युवक की पहचान रायबरेली के सुदौली गांव निवासी विशाल (22) के रूप में हुई। वह ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहे थे। घटना मोहनलालगंज क्षेत्र के भावा खेड़ा गांव की है। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह के मुताबिक विशाल चिनहट में टाटा मोटर्स में काम करते थे। बृहस्पतिवार की रात 11 बजे ड्यूटी करके बाइक से घर जा रहे थे। भावा खेड़ा गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गुमटी से टकरा गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको सीएचसी पहुंचाया। वहां उनकी मौत हो गई। उनके पास से मिले मोबाइल व अन्य दस्तावेज की मदद से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। विशाल के परिवार में पिता महादेव, मां राजकुमारी और दो भाई हैं।

महाकाल मंदिर में सावन में रुद्राभिषेक, भस्म आरती और भंडारे के लिए बुकिंग शुरू

लखनऊ, संवाददाता। हर वर्ष की तरह इस बार भी सावन माह के मद्देनजर राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में भस्म आरती, रुद्राभिषेक और भंडारे के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। यहां इन तीनों ही अनुष्ठानों के लिए हर वर्ष बड़ी तादाद में भक्त बुकिंग कराते हैं। सावन माह में भीड़भाड़ से बचने के लिए मंदिर समिति ने प्रत्येक अनुष्ठान के लिए 5100 रुपये सहयोग राशि रखी है। बुकिंग के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं।

11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो रही है जो 9 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान चार सोमवार पड़ेंगे।

राजधानी में भगवान शिव के पूजन–अर्चन को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में सावन का महीना बेहद खास होता है जहां बड़ी संख्या में दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर के महामंत्री गिरीश चंद्र सक्सेना ने बताया कि सावन के दौरान भस्म आरती का आयोजन प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा। रुद्राभिषेक प्रतिदिन होगा और महाआरती सावन के अंतिम सोमवार को की जाएगी। आठ अगस्त को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के अध्यक्ष विक्रम कपूर और महामंत्री गिरीश चंद्र सक्सेना ने बताया कि भस्म आरती और भंडारे की बुकिंग के लिए मंदिर समिति की ओर से मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। वहीं रुद्राभिषेक के लिए बुकिंग मंदिर प्रांगण में बने कार्यालय में आकर ही करानी होगी। इसके लिए 5100 रुपनये शुल्क का निर्धारण भी कर दिया गया है। यदि कोई भक्त सोमवार को रुद्राभिषेक कराना चाहता है तो शुल्क 5500 रुपये देना होगा।

अब तक हो चुकी हैं 17 बुकिंग

राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर के आचार्य अतुल मिश्रा ने बताया कि अब तक 17 भक्तों ने बुकिंग करा ली हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन में तीन रुद्राभिषेक होते हैं। पिछले साल 84 भक्तों ने बुकिंग कराई थी। उन्होंने बताया कि सावन के सोमवार पर मंदिर में अपेक्षाकृत अधिक भक्तों की भीड़ जुटती है।

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अंतर्गत योग सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ राम मनोहर लोहिया पार्क जौनपुर में हुआ।आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट, परियोजना निदेशक कृष्ण करुणाकर पांडेय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. कमल एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर योग कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

उसके उपरांत प्रोटोकॉल के अनुसार योग कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग गुरु अचल हरिमूर्ति, मास्टर योग ट्रेनर अरविंद कुमार यादव के द्वारा "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य" थीम के तहत समस्त योग प्रोटोकाल का योगाभ्यास कराया गया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. मनीषा अवस्थी सहित एवं आयुष के समस्त चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर 300 से भी अधिक लोगो ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

जौनपुर भाजपा की सिरकोनी मण्डल की कार्यकारिणी हुई घोषित

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जफराबाद। भारतीय जनता पार्टी के सिरकोनी मण्डल की कार्यकारिणी का गठन हुआ।

मण्डल अध्यक्ष रजनीश चौबे ने कार्यकारणी का ग ठन किया।इस के बाद गठन का अनुमोदन के लिए भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल को भेजा।

कार्यकारणी का श्री पटेल ने अनुमोदन कर दिया।

बस ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, ममेरा भाई घायल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। महराजगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज–शाहगंज मार्ग पर लोहिन्दा चौराहे के पास एक शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। थाना क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर गांव निवासी शनि गौतम 19 वर्ष की बस से टक्कर में मौत हो गई। उनके साथ मौजूद मामा का बेटा विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। शनी अपनी बहन सीमा की 17 जून को होने वाली शादी का कार्ड बांटने के लिए निकले थे। साढ़े ग्यारह बजे के करीब दहेज में मिली नई बाइक पर वह विक्रम के साथ जा रहे थे। लोहिन्दा चौराहे के पास सुजानगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बस के नीचे जा घुसी। शनी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमित पांडेय मौके पर पहुंचे। घायल विक्रम को सीएचसी भेजा गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

संक्षिप्त खबरें

विमान हादसे में मेडिकल छात्र को आईं गंभीर चोटें

लखनऊ, संवाददाता। गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में अयोध्या के मेडिकल छात्र अक्षत जायसवाल को गंभीर चोटें आई हैं। अक्षत बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र हैं। हादसे के समय मेडिकल कॉलेज के मेस में साथियों के साथ दोपहर का भोजन कर रहे थे। उसी समय एयर इंडिया का विमान उस बिल्डिंग पर आ गिरा। अक्षत के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अक्षत अयोध्या शहर के देवकाली स्थित भीखापुर के रहने वाले हैं। हादसे के बाद उनके पिता राजेश जायसवाल और अन्य परिजन अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। अक्षत जायसवाल के पड़ोसियों ने बताया कि अक्षत होनहार छात्र हैं और अहमदाबाद में एमबीबीएस कर रहे हैं। बहुत दुखद सूचना है, जो भी इस हादसे में जान गवां बैठे हैं, उनके लिए संवेदना है। रामलला अपने चरणों में सभी को स्थान दें और जो घायल हैं, वह सभी जल्द स्वस्थ हों।

चारबाग रेलवे स्टेशन के आउटर पर मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के आउटर पर शुक्रवार सुबह हुई मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया है। जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और बदमाश की मुठभेड़ प्लेटफार्म नंबर सात के आउटर पर हुई। बदमाश फिरोज को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। वह हरदोई जिले का रहने वाला है। फिरोज के खिलाफ रेलवे में सात आपराधिक केस दर्ज हैं। घटना पर थाना चारबाग के पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर सात के आउटर पर एक संदिग्ध व्यक्ति होने की जानकारी मिली और जब बुलाने का प्रयास किया गया तो पुलिस पर फायरिंग झोंक दी। जवाबी कार्रवाई में युवक घायल हो गया। पूछताछ में पता चला कि उसका नाम फिरोज है और उस पर नौ मुकदमे दर्ज हैं।

उम्मीद से अधिक मिला सम्मान, स्मार्टफोन से अब स्मार्ट होगी पढ़ाई

लखनऊ, संवाददाता। हमें उम्मीद नहीं थी कि संस्कृत बोर्ड में बेहतर अंक लाने पर मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया जाएगा, वह भी स्मार्टफोन देकर। पढ़ाई में इसकी उपयोगिता बहुत है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से स्मार्टफोन नहीं खरीद सके। अब स्मार्टफोन से आगे की पढ़ाई भी स्मार्ट तरीके से होगी। जिन्होंने इस सम्मान के काबिल समझा। गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में बृहस्पतिवार को मेधावी सम्मान समारोह में शामिल यूपी बोर्ड के मेधावियों ने सम्मान पर इसी तरह अपनी खुशी जाहिर की। मेधावियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सीख दी कि स्मार्टफोन का उपयोग सही दिशा में करें, तभी इसकी उपयोगिता सार्थक होगी। मनोरंजन के लिए कम, पढ़ाई के लिए ज्यादा उपयोग करना चाहिए। लेकिन, उसमें भी तय सीमा तक, अधिक उपयोग करने से यह हमारे बौद्धिक विकास में बाधा बनेगा।

गुलाबो–सिताबो की लड़ाई ने हंसाया, शिव तांडव ने बांधा समा

लखनऊ, संवाददाता। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित अमर उजाला के मेधावी छात्र सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मेधावियों के साथ–साथ उनके अभिभावकों व अतिथियों का जमकर मनोरंजन किया। उन्हें हंसाया, गुदगुदाया और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। गायन, नृत्य और हास्य से सजी प्रस्तुतियों के जरिये कलाकारों ने वाहवाही लूटी। शुरुआत नृत्यांगना रागिनी श्रीवास्तव के ग्रुप की पर्णिका श्रीवास्तव और जया सिंह ने गणेश वंदना और शिव तांडव से की। कठपुतली कलाकार प्रदीप नाथ त्रिपाठी और उनके ग्रुप ने गुलाबो–सिताबो की प्रस्तुति से मेधावियों को खूब हंसाया। दृष्टिबाधित गायक कलाकार वाणी चावला ने कर हर मैदान फतह... से श्रोताओं में जोश भर दिया। इसके बाद कानपुर से आए हास्य कलाकार अर्पित सैनी ने नरेंद्र मोदी से लेकर अमिताभ बच्चन, नाना पाटेकर समेत कई बॉलीवुड सितारों की मिमिक्री कर वाहवाही लूटी। शहर के ही गायक कलाकार राहुल पांडेय ने मैं कोई ऐसा गीत गाऊं... गाकर समा बांधा। भातखंडे संस्कृति विवि की पूर्व छात्रा अनुपमा श्रीवास्तव के ग्रुप की छात्रा नविषा मित्तल, शास्तिका भटनागर, राधिका मित्तल, वागमी, त्वरती और रिदम सरकार ने गणेश वंदना को नृत्य में पिरोकर प्रस्तुति दी। इसके अलावा उनके दूसरे ग्रुप की कलाकार मेधा, श्रीजा अग्रवाल, अमाया श्रीवास्तव, मिशिका, प्रशस्ति श्रीवास्तव और अविका श्रीवास्तव ने गीत कान्हा सो जा जरा... पर भावपूर्ण प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। हास्य कवि सौरभ जायसवाल ने अपनी रचनाओं से सभी को खूब हंसाया। वरिष्ठ कलाकार राजेंद्र विश्वकर्मा ने स्टेशनों से गुजरती ट्रेन की आवाज निकालकर लोगों को चकित कर दिया। सलीम खान ने भी अपने गीतों की प्रस्तुति दी।

प्रदेश में भीषण गर्मी से लोगों का फूल रहा दम

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप बरकरार है। बीते कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी से लोगों का दम फूलने लगा है। सड़कें भट्ठी की तरह तप रही हैं। विशेष तौर पर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिले लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल 15 जून तक इन इलाकों में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। वहीं रविवार से प्रदेश के पूर्वी हिस्से से प्री–मानसून आने से बूंदाबांदी की शुरुआत के आसार हैं। 16 जून से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बूंदाबांदी के संकेत हैं। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, झांसी, जालौन, अलीगढ़, मथुरा समेत 19 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में दिन में उमस भरी गर्मी और लू जैसी परिस्थितियों के साथ रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी। हालांकि इस दौरान पूर्वी यूपी के कुछ जिलों बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज आदि में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी का पूर्वानुमान है।

इन शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा

शुक्रवार को झांसी, बांदा, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी आदि शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। यहां तपिश के साथ उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। शनिवार को पूर्वी–दक्षिणी यूपी और तराई के 35 जिलों में गरज–चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 15 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है। इसके बाद 16 जून से पश्चिम व पूरब दोनों संभागों में गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं।

इन जिलों में रहेंगे लू जैसे हालात

मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, कानपुर देहात, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा,

फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी व आसपास के इलाकों में लू जैसे हालात रहेंगे।

इन जिलों में गरज–चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना

चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयाग राज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में गरज–चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

इधर बन रहा बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड, उधर गांवों में हो रही कटौती

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में एक तरफ रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है तो दूसरी तरफ ग्रामीण इलाके में रोस्टर से भी 30 से 40 मिनट कम बिजली दी जा रही है। लोकल फॉल्ट अलग से हैं। ऐसे में बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। प्रदेश में बिजली की मांग 31486 मेगावाट पहुंच गई है। दावा है कि उपभोक्ताओं की मांग पूरी की जा रही है, जबकि हकीकत अलग है। पॉवर कॉर्पोरेशन की ओर से तय किए गए रोस्टर के अनुसार भी बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण इलाके में 18 घंटे का रोस्टर है, जबकि आपूर्ति 17 घंटे 26 मिनट हुई। इसी तरह नगर पंचायत में 21 घंटे 30 मिनट की जगह केवल 21 घंटे, बुंदेलखंड में 20 घंटे की जगह 19 घंटे 30 मिनट बिजली आपूर्ति की गई।

लोकल फॉल्ट अलग से रहा। ऐसे में भीषण गर्मी में उपभोक्ता परेशान रहे। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नियमों के तहत उत्तर प्रदेश के हर उपभोक्ता को 24 घंटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन ऊर्जा विभाग ने रोस्टर प्रणाली लागू कर रखा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री रिकॉर्ड आपूर्ति पर जश्न मना रहे हैं, लेकिन वह यह भी बताएं कि यह रिकॉर्ड आपूर्ति कितने घंटे की हुई? क्योंकि जैसे ही मांग का रिकॉर्ड बना, वैसे ही विभिन्न इलाके में ब्रेकडाउन होने लगा। फिर आपूर्ति का ग्राफ नीचे आ जाता है। ऐसे में चंद मिनट का ही रिकॉर्ड बनता है। विभागीय आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं।

हज मुकम्मल कर पहली उड़ान से वतन वापस पहुंचे 287 हाजी

लखनऊ, संवाददाता। सऊदी अरब में हज के अरकान पूरे कर पहली उड़ान से 287 हाजी वतन वापस लौटे। हाजियों का चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर फूलों से इस्तक्बाल किया गया। वतन वापसी की खुशी के साथ हाजी अपने परिजनों के गले लगे तो हर आंख नम हो गई। एयरपोर्ट के बाहर फूल मालाओं और गुलदस्तों के साथ परिजन हाजियों को गले लगा कर हज की मुबारकबाद देते रहे। प्रदेश से इस बार कुल 13685 हज यात्रियों में राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से कुल 5522 हज यात्रियों को मदीना मुनव्वरा रवाना किया गया था। सऊदी अरब में हज मुकम्मल होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला बृहस्पतिवार से शुरू हो गया। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर हाजियों की पहली उड़ान अपने तय समय से 20 मिनट पहले रात 12:05 बजे पहुंची। औपचारिकताओं के बाद हाजियों ने बाहर आना शुरू किया तो एयरपोर्ट पर नवगठित राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सदस्य वली मोहम्मद, नदीमुल हसन, सैयद अली वारसी, हाफिज एजाज अहमद (शाहीन अंसारी), सैयद कल्बे हुसैन (कब्बन नवाब), मोहम्मद इफ्तेखार हुसैन, कामरान खान, जुनैद अहमद अंसारी, जावेद कमर खान, कमरुद्दीन (जुगनू), हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी, विशेष कार्याधिकारी जावेद खान, प्रशासनिक अधिकारी आरिफ रऊफ ने हाजियों को गुलाब का फूल देकर उनका गर्मजोशी से इस्तक्बाल किया और हज मुकम्मल होने की मुबारकबाद दी। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष दानिश आजाद आजाद अंसारी ने हाजियों से मिल कर उनका हालचाल पूछा और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

लखनऊ में सड़क हादसों में गई चार लोगों की जान

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के पारा, आशियाना, काकोरी और मलिहाबाद इलाके हुए सड़क हादसों में चार लोगों की जान चली गई। पारा के प्रसादी खेड़ा निवासी करन यादव (18) बृहस्पतिवार दोपहर तीन बजे बिना हेलमेट लगाए बाइक से घर जा रहे थे। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि हंसखेड़ा स्थित 19 मंजिला इमारत के पास तेज रफ्तार नगर निगम के डंपर की उनकी बाइक से टक्कर हो गई। सिर पर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चाचा धर्मपाल सिंह ने बताया कि करन ने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। परिवार में माता–पिता के साथ बहन दीपांशी है। उधर, अमेठी के शुकुल बाजार मर्दानपुर निवासी डीसीएम चालक मुफीद अहमद (50) मलिहाबाद चौराहे किनारे लगी अस्थाई मंडी से माल से संबंधित पेपर लेकर पैदल लौट रहे थे। तभी हरदोई की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर 50 मीटर तक घिसटते चले गए। इससे उनकी मौत हो गई।

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत, एक चचेरा भाई शामिल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार शाम तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के दौरान काशीदासपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बाग में आम बीन रहे तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना रविवार शाम करीब 4 बजे की है। गांव से 200 मीटर दूर तीन बच्चे आम बीनने गए थे। इनमें अंश यादव (12 वर्ष) और आशु यादव (10 वर्ष) दोनों राहुल यादव के पुत्र थे। उनके साथ अंश का चचेरा भाई आयुष यादव (12 वर्ष) भी था, जो अनिल यादव का पुत्र है। आंधी–पानी के दौरान जब बच्चे आम बीन रहे थे, तभी आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इस हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार राज्य एवं एसडीएम केराकत ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर घटना की जानकारी लिया।

मनाया गया प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह का शहादत दिवस

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह का शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनाया।सिविल लाइंस स्थित अवंतिका होटल सभागार में बयोबृद्ध समाजसेवी मिर्जा सादिक हुसैन की अध्यक्षता तथा अतीक अहमद के संचालन में संपन्न गोष्ठी में चौक सब्जी मंडी में प्रस्तावित निर्माण का नाम मौलवी अहमद उल्ला शाह के नाम किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मौलवी अहमद उल्ला शाह का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिया था।मौलवी को अंग्रेजों में दहशत थी। जिसके फलस्वरूप उनपर पचास हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उनकी शहादत के जिम्मेदारों की संपत्ति जब्त करके शहीद परिवारों में वितरित किया जाना चाहिए।प्रोफेसर विशाल श्रीवास्तव ने आजादी के मकसद को पूरा करने का संकल्प लेने का आवाहन करते हुए कहा कि आज का दौरा विश्व व्यापी संकट का है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में हूकूमते चरमपंथियों और अलगाववादी नेताओं के हाथ में है। वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण प्रताप सिंह ने कहा कि सांप्रदायिक हाथों से मौलवी साहब को श्रद्धांजलि नहीं दी जा सकती है।उन्होंने कहा कि उन्होंने देश को एकजुटता का संदेश दिया था और आजाद फैजाबाद की हूकूमत हिंदू राजा को सौंपी थी।गोष्ठी में समाजसेवी सुरेश यादव का अंग वस्त्र और माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। स्वागत संस्थान के अध्यक्ष जफर इकबाल ने किया। विचार व्यक्त करने वाले में अली सईद खान, दान बहादुर सिंह, विकास सोनकर, अब्दुल रहमान भोलू, राजेन्द्र यादव, सत्यभान सिंह, विकास पाण्डेय, ऋषि ओम पाण्डेय,निहालुद्दीन मनीष पांडेय आदि थे।

सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम साधन है योग – अजय कुमार अंबष्ट (भू–राजस्व अधिकारी)

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस जनपद के सभी ब्लाकों, तहसीलों, जिला मुख्यालय के साथ साथ अनेकों सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। जिला प्रशासन की ओर से लोहिया पार्क में प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास किया गया। जिला भू राजस्व अधिकारी अजय कुमार अंबष्ट और जिला परियोजना निदेशक कृष्ण करुणेश पांडेय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके प्रोटोकॉल का शुभारंभ किया गया।भू राजस्व अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा की वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए योग से बेहतर कोई भी माध्यम नहीं है। इसलिए हर व्यक्ति को नियमित रूप से योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का अभ्यास निरन्तर करते रहना है। परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया की हर व्यक्ति को अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास नियमित रूप से करते रहना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में कहा गया की तनाव और अनिद्रा जैसी अनगिनत समस्याओं के समाधान में योगाभ्यास की अपनी महति भूमिका है और वैश्विक स्तर पर योग नें अपनी विशिष्ट पहचान बनाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक वरदान साबित हुआ है। पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति और अरविंद कुमार के द्वारा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। श्री हरीमूर्ति के द्वारा योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का अभ्यास कराते हुए बताया गया की यह योग का प्रोटोकॉल वैश्विक स्तर पर बनाया गया है। जिसे सभी भौगौलिक परिवेश के सभी अवस्थाओं के लोग बहुत ही आसानी से करके अनेकों समस्याओं से पूर्णतः समाधान प्राप्त कर सकते हैं। सर्वाइकल, स्पोंडलाइटिस, कमर, रीढ़ की हड्डी और कंधों से सम्बंधित समस्याओं से पूर्णतः निदान हेतु उनसे संबंधित सरल और सहज व्यायामों का अभ्यास कराते हुए खड़े होकर, लेटकर,पेट और पीठ के बल लेटकर किये जानें वाले वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन , मकरासन, भुजंगासनों का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों को भी बताया गया।इसी क्रम में कपालभाति, अनुलोम–विलोम, नाड़ी शोधन,शीतली के साथ भ्रामरी और उद्गगीथ प्राणायामों के साथ शव आसन को कराते हुए ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन के कार्यक्रम संयोजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी डॉ कमल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी शंभुनाथ, शशिभूषण यादव,डा मनीषा अवस्थी, डा विमल कुमार, डा सुजीत श्रीवास्तव, डा स्तुति साहनी, डा अनिल सिंह के साथ योग प्रशिक्षक कुलदीप योगी, डा हेमंत कुमार,अर्जुन सिंह,धर्मेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, विकास यादव, जगदीश कुमार,राज योगी, त्रियंबकम मिश्रा, क्षमा सिंह, रजनी साहू, सुप्रिया, नन्दलाल, अनिता,प्रभात कुमार, साधना मौर्य, विरेन्द्र यादव,राजन सिंह,निलेश कुमार,सुप्रिया, एसके यादव और बीरा यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने जिला जेल और महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने शनिवार को जौनपुर में जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें सभी दवाएं अस्पताल से ही मिल रही हैं। निरीक्षण के दौरान शौचालय में गंदगी मिली और वार्ड में मरीजों की बेडशीट भी गंदी थीं। उपाध्यक्ष ने सीएमएस, प्रबंधक और सफाई सुपरवाइजर को एक महीने के अंदर सभी व्यवस्थाएं ठीक करने की चेतावनी देते हुए फटकार लगाई। इसके बाद उन्होंने जिला जेल का दौरा किया। महिला सेल में कुल 47 महिलाएं बंद मिलीं। इनमें से 10 दोषी हैं और बाकी विचाराधीन बंदी हैं। उपाध्यक्ष ने महिलाओं से उनके मुकदमों की प्रगति और भोजन की व्यवस्था के बारे में पूछा। उन्होंने रसोई का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता जांची। महिला बंदियों को सिलाई, योग और ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। अंत में, लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में महिला जन सुनवाई की और महिला थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद, बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह,जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला बाल संरक्षण अधिकारी भी मौजूद रहे।

किसान के बेटे का एसबीआई में पीओ के पद पर हुआ चयन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने से कोई भी असुविधा आड़े नहीं आ सकती। मेहनत और लगन के बल सफलता की बुलंदियों की बुलंदियां हासिल कर गांव व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जफराबाद क्षेत्र के गद्दीपुर निवासी नरेंद्र प्रसाद मिश्रा के पुत्र विशाल मिश्रा जिनका एसबीआई बैंक में पीओ के पद पर चयन हुआ है। परिजनों में खुशी का माहौल है। विशाल की यह बड़ी सफलता है।ग्रामीणों का कहना है कि विशाल ने मेहनत से पढ़ाई करके गांव व प्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। विशाल मिश्रा की माध्यमिक शिक्षा प्रकाश ग्लोबल से ग्रहण किए हैं। विशाल कि सफलता पर पिता नरेंद्र प्रसाद व माता क्षमा मिश्रा फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाश ग्लोबल से इंटर तक की शिक्षा ग्रहण किए।इसके बाद बीएचयू से बीए व एम ए की शिक्षा ग्रहण किया। वह हमेशा से मेहनत करता है जिससे यह सफलता प्राप्त हुआ। इनके दादा स्व राधे मोहन मिश्रा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित थे।

955 नवनियुक्ति पुलिस कर्मी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

अयोध्या। रविवार को पुलिस लाइन से अयोध्या से चयनित 955 नवनियुक्त पुलिस आरक्षी जनपद लखनऊ मे होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हेतु में गए।इस मौके पर इन सभी नवनियुक्ति आरक्षियो को 22 बसो से एसपी देहात बलवंत चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम के लिए रवाना किया। इस मौके पर उनके अलावा सीओ बीकापुर पीयूष, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे, महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

यूपी नीट परीक्षा मे आकाश कोचिंग के अद्रिका श्री हर्ष सहित कई मेधावी छात्र हुए चयनित

अयोध्या। शहर के आकाश कोचिंग के मेधावी छात्राओं ने यूपी नीट परीक्षा में चयनित होकर इस कोचिंग के शिक्षकों के साथ–साथ अपने माता–पिता का नाम रोशन किया।इस बात की जानकारी देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बताया आज घोषित हुए परीक्षा परिणाम में आद्रिका श्री हर्ष ने ऑल इंडिया रैंक 188 हासिल कर इस कोचिंग के साथ–साथ अपने माता–पिता का नाम रोशन किया है।बताया कि इसके अलावा 8 छात्र इस कोचिंग के और भी यूपी नीट प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए हैं।

जिसमें प्रखर सिंह श्रेय श्री श्रीवास्तव प्रांजल वर्मा सारा खातून स्कंद प्रताप मिश्र रिचा यादव अनुराग अस्थाना सहित मोहम्मद अब्दुल अजलख भी चयनित होकर इस शहर का नाम रोशन किया है। चयनित हुए बच्चों ने बताया कि हमारी सफलता के पीछे इस कोचिंग के प्रबंध तंत्र के अलावा सभी शिक्षकों के साथ–साथ माता–पिता वह सगे संबंधियों का विशेष सहयोग रहा है।इस मौके आकाश कोचिंग के शाखा प्रबंधक व शिक्षक मौजूद रहे। इस मौके पर मौजूद डायरेक्टर डीके मिश्रा के अलावा शाखा प्रबंधक व सभी शिक्षकों ने चयनित मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी कार्यालय के एक कमरे पर किया कब्जा,मौजूदा जिलाध्यक्ष ने भी जड़ा ताला

अयोध्या। जिला कांग्रेस पार्टी में घमासान अब सतह पर आ गया है। शुक्रवार दोपहर पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यालय के ऊपर वाले कमरे में कब्जा कर अपना ताला जड़ दिया। फिर क्या था.. बवाल मचा और पुलिस आई, इसी बीच अखिलेश ने पुलिस वालों की बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से कराई। बताते हैं कि अजय राय ने अखिलेश का पक्ष लिया फिर पुलिस चली गई। इसके बाद मौजूदा जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कई जिम्मेदार पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में उस कमरे में जिला कमेटी की तरफ से भी ताला जड़ दिया है। इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पार्टी के एक वरिष्ठ व जिम्मेदार नेता ने अजय राय से बात की है और कहा है कि आप जिले में पार्टी को अनुशासनहीनता की राह पर ले जा रहे हैं। पार्टी में गुंडों को प्रशय देने का काम किया जा रहा है। संबंधित जिम्मेदार नेता ने अजय राय को बहुत ही मार्मिक पत्र लिखा है।मामले में पूर्व सांसद का भी नाम प्रमुखता से लोग ले रहे है।कई कांग्रेसी नेता नए अध्यक्ष के बनने के बाद से नाराज है।

पशुओं को फफूँदी युक्त चारा ना दे किसान – डा. हरेंद्र कुमार

अयोध्या। बारिश के दिनों मे पशुओं को गंभीर रोग फैलने की संभावना बनी रहती है इसके लिए पशुओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए गो आश्रय स्थलों को ठीक कराने व संबंधित विभागों व किसानों को निर्देश दिये गये है।इस बात की जानकारी देते हुए सीवीओ डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया बारिश के दिनों में पशु कई गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं और यहां तक कई पशुओं की जान भी चली जाती है।बताया कि बारिस के मौसम में बाढ़ की सम्भावना,गो आश्रय स्थलों के सम्पर्क मार्ग खराब होने की सम्भावना तथा अत्यधिक बाढ़ आने पर गोवंश के स्थानान्तरित करने की आवश्यकता रहती है।बताया कि गो आश्रय स्थलों पर खण्ड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी,उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी नगर निगम,व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।गो आश्रय स्थलों पर अभिलेखों को सुरक्षित रखने का प्रबंध करें, जिससे किसी अभिलेख को क्षति न पहुंचे।बताया कि गो आश्रय स्थलों को जाने वाले मार्ग को ठीक करा लें जिससे गो आश्रय स्थलों को सामान की आपूर्ति करने एवं भ्रमण करने वाले अधिकारियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।गो आश्रय स्थलों के समीप बरसात में पानी का ठहराव न होने दे। बरसात आने पर प्रत्येक गोवंश की शैड में रहने का स्थान उपलब्ध हो। कोई भी गोवंश बरसात में बाहर नहीं भीगना चाहिये। पशुओं को खाने के लिए भूसा जहां रखा हो उसे जगह को संरक्षित कर रहे हैं और ध्यान रहे पशुओं को खराब चारा कतई ना दें।पशुओं के आसपास गोबर कतई नहीं इकट्ठा होने दें।गो आश्रय स्थलों पर बिजली की वायरिंग की जांच करा लें।बरसात के मौसम में खुले तार से शेड में बिजली आसानी से फैल सकती है।जो केयर टेकर एवं गोवंश के लिये घातक होगा।बताया कि ज्वार खिलाने से पूर्व यह भी सुनिश्चित करायें कि ज्यार में समय–समय पर पानी की सिंचाई की गयी है।तेज बारिश के समय गोवंश या केयर टेकर पेड के नीचे न खड़े रहे।बताया कि गो आश्रय स्थलों के फर्श की सफाई नियमित रूप से करायें एवं समय–समय पर चूना का छिडकाव करें।कीटनाशक दवाईयों का समय–समय पर छिडकाव करायें।

जिले को मिली केंद्रीय विद्यालय की सौगात ,एक से पांच तक के कक्षाओं का होगा शुभारंभ – गिरीश चंद्र यादव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिले को एक बडी उपलब्धि मिली है,राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने शनिवार को पत्रकारों बात कर जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई से केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक की कक्षाऐ शुरू कर दी जाएंगी। इसकी शुरुआत इसी सत्र से किया जा रहा है।केंद्रीय विद्यालय शुरूआती कक्षाओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज में की जाएगी । साथ ही मंत्री ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय की शुरुआत होने जा रही है जैसा कि मैने कहा था वह पूरा किया इसके लिए प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का धन्यवाद किया। मंत्री गिरीश यादव ने बताया कि इसके लिए पांच एकड़ जमीन पहले ही अधिग्रहित कर ली गयी थी। तथा 36 करोड की लागत से बिल्डिंग बनकर तैयार हो रही है।

अयोध्या में बन रहा वीवीआईपी गेस्ट हाउस, पीएम -सीएम तक के रहने की होगी विशेष सुविधाएं

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की सोच के चलते भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल धार्मिक महत्व तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक आधुनिक और वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में भी उभर रही है। मुख्यमंत्री ने न केवल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, बल्कि अयोध्या के सर्वांगीण विकास को मिशन मोड में आगे बढ़ाया है। राम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद देश–विदेश से वीआईपी और वीवीआईपी मेहमानों का आगमन लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, विदेशी राजनयिक, उद्योगपति, फिल्म अभिनेता, संत–महात्मा और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल अब नियमित रूप से अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे योगी सरकार में अयोध्या की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाई मिली है। इस बढ़ती भीड़ और सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में एक अत्याधुनिक वीवीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह गेस्ट हाउस प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधाओं से लैस होगा। यह भव्य गेस्ट हाउस माझा मीरपुर क्षेत्र में 14,510 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में बनाया जा रहा है। परियोजना को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड के तहत तैयार किया जा रहा है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 9,375.46 लाख रुपये है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी राज्य संपत्ति विभाग ने लोक निर्माण विभाग को सौंपी है। खंड–2 के अधिशाषी अभियंता उमेश चंद्र के अनुसार, इस परियोजना के लिए 3,281.41 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। निर्माण कार्य मई 2025 से शुरू हो चुका है और इसे नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है,47 सुइट और 77 स्टैंडर्ड बढ़ाएंगे शोभा, इस वीवीआईपी गेस्ट हाउस में कुल 47 सुइट और 77 स्टैंडर्ड रूम होंगे, जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। प्रत्येक कमरे में उच्चस्तरीय साज–सज्जा, आधुनिक शौचालय और मेहमानों की सुविधा के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।गेस्ट हाउस को छह ब्लॉकों (ए से एफ) में विभाजित किया गया है,जिसमें अलग–अलग श्रेणियों के मेहमानों के लिए विशेष व्यवस्थाएं होंगी। मुख्यमंत्री ब्लॉक में प्री–कास्ट कंक्रीट (पीसीसी) का कार्य पूरा हो चुका है, और राफ्ट के साथ स्टील बाइंडिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, रेजिडेंशियल ब्लॉक में खोदाई का कार्य प्रगति पर है। मंदिर निर्माण के बाद बढ़ी वीआईपी की संख्या राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के गणमान्य व्यक्ति, जैसे कि राजनेता, नौकरशाह और विदेशी मेहमान, नियमित रूप से अयोध्या का दौरा कर रहे हैं। इन मेहमानों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस गेस्ट हाउस का निर्माण किया जा रहा है। यह गेस्ट हाउस न केवल मेहमानों को आरामदायक ठहराव प्रदान करेगा, बल्कि अयोध्या की वैश्विक छवि को और सुदृढ़ करेगा। सुरक्षा का विशेष ध्यान, इलेक्ट्रिसिटी की भी होगी अच्छी व्यवस्था गेस्ट हाउस में सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन निकास जैसे सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा, मेहमानों के लिए विशाल पार्किंग क्षेत्र, हरित भू–दृश्य, और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। यह गेस्ट हाउस पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है, जिसमें ऊर्जा संरक्षण और जल प्रबंधन जैसी सुविधाएं भी शामिल होंगी।इलेक्ट्रिसिटी के लिए एक उपकेंद्र भी बनेगा।इसमें ए ब्लॉक जी प्लस फोर रहेगा, ग्राउंड फ्लोर पर एंट्रेंस (फ्रंट एंड रियर), रिसेप्शन 2 नम्बर, ओडीओपी, 2 नम्बर पर वेटिंग एरिया, सुइट आठ नम्बर–प्रथम तल पर वीसी रूम, बफेट एरिया, पैंट्री,सुइट 8 पर नम्बर – द्वितीय तल–राज्यपाल आवास एवं आफिस, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट 3 नम्बर पर तृतीय तल–मुख्यमंत्री आवास एवं आफिस, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट 3 नम्बर पर चतुर्थ तल–प्रधानमंत्री आवास एवं लाउंज, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट 3 नम्बर पर टैरेंस–मशीन रूम ठ रेजीडेन्शियल ब्लॉक मे (बी़जी़5),फोर व्हीलर पार्किंग, टू व्हीलर पार्किंग, एंट्रेंस, ओडीओपी किचन, कैफेटेरिया, डायनिंग एरिया मैनेजमेन्ट आफिस, ,योगा हॉल, दुकान नम्बर, सुइट नम्बर 22, एकल कमरे 77 व मम्टी एवं मशीन कम होगा।ढ डारमैट्री ब्लॉक मे (जी़5)रू –इन्ट्रेन्स, वेटिंग एरिया, मेस किमन, बैरक, रेस्ट रूम पैन्टी, चेन्ज एण्ड लॉकर रूम, ड्रारमेट्री, टायलेट होगा। क. सर्विस ब्लॉक मे (51) पर सर्विसेज, म. गार्ड रूम, आफिस एण्ड पास आफिस, इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन 148.00 वर्गमीटर में एफ– सेंट्रल लॉन, वाटर फाउंटेन, स्टाफ पार्किंग, विजिटर पार्किंग, विद्युतीकरण वाटर सप्लाई, बाउंड्री वाल रहेगा।

विश्व रक्तदाता दिवस पर दो दर्जन से अधिक ने किया रक्तदान

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में दो दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। डीएम ध्अध्यक्ष रेडक्रास सोसाइटी डा. दिनेश चंद्र सिंह और एसपी डा. कौस्तुभ ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। डीएम डा. दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है जो सबसे बड़ा दान है। रक्तदान कर हम तीन लोगों की जान बचा सकते हैं। सभी को इस सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।नियमित रक्तदान करने से हार्ट अटैक का भी खतरा कम हो जाता है। एसपी डा. कौस्तुभ ने कहा कि रक्तदान करने से किसी तरह की परेशानी नहीं होती है।रक्तदान करके आप किसी की जिंदगी बचा सकते हैं । रक्तदान करने से आप

स्वस्थ रहते है रक्तदान पर किसी भी प्रकार की अफवाह को न सुने रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें । उन्होंने कहा कि अधिक रक्तदान करने वाले लोगों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से रक्तदान करने के लिए लोग पहुंचने लगे थे। शाम तक इस रक्तदान का क्रम जारी रहा। मौके पर रेड क्रास सोसायटी के सचिव डा. मनोज वत्स, धनंजय सिंह, रोहित श्रीवास्तव, एस एन सिंह,प्रकांत दूबे,डॉ संदीप पांडेय,शशिकांत सिंह, नितेश श्रीवास्तव, नितिन आदि मौजूद रहे। रक्तदान में डॉ. ऋत्विक प्रताप सिंह, लैब टेक्नीशियन हृदय कुमार कुशवाहा, आलोक मणि त्रिपाठी ओम प्रकाश, चंद्र प्रकाश सिंह और काउंसलर शालिनी मौर्या ने सहयोग किया।

परमहंस महाविद्यालय में लगा मेधावियों का कुंभ, 50 विद्यार्थी हुए सम्मानित

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। शनिवार को श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण पीजी कालेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।अंशु यादव, भार्गवी एवं सोनल राज ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर यूपी व सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर सहित 50 से अधिक मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रथम महापौर एवं महाविद्यालय के प्रबंधक ऋषिकेश उपाध्याय व वंदना उपाध्याय ने मेधावियों को मेडल पहनाकर,उपहार भेंट कर सम्मानित किया। ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि ने कहा कि लक्ष्य को निर्धारित करके अगर परिश्रम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।लेकिन इसके लिए परिश्रम के साथ अनुशासन व शिक्षको से मिले मार्गदर्शन को समाहित करना जरुरी होता है। वंदना उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को किसी भी क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा सकता है।माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश एवं सीबीएसई बोर्ड के जिन छात्रों ने जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया, उन्हें क्रमशः ग्यारह हजार, पांच हजार एक सौ एवं दो हजार एक सौ रुपये का चेक प्रदान किया गया।इसके अतिरिक्त अन्य मेधावियों को पांच सौ रुपये व बैग किट देकर सम्मानित किया गया। सभी को प्रमाण पत्र, उपहार एवं मेडल पहनाया गया।हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अनूप कुमार को ग्यारह हजार, कसफ फातिमा को पांच हजार रुपये, अनुष्का को दो हजार एक सौ रुपये, इंटरमीडिएट में दिव्या उपाध्याय को ग्यारह हजार, सुमन कुमारी को दो हजार एक सौ रुपये एवं सीबीएसई बोर्ड में उत्तीर्ण ओजस्वी वेद को ग्यारह हजार, जोहा फातिमा को पांच हजार एक सौ रुपये व अभिनव पांडेय को ग्यारह हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई।कार्यक्रम में नाका हनुमान गढ़ी के महंत रामदास महाराज, भाजपा महानगर महामंत्री परमानंद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, कमलेश श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर विष्णु तिवारी, रोहित पांडेय, सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डा. अमरजीत पांडेय, डा. सुधांशु त्रिपाठी, डा. जिलाजीत दुबे, ड. राकेश शुक्ल, अखिलेश गौड, डा. रूपम मिश्रा, डा. सैयद जुल्फकार हैदर,अंजनी कुमार शुक्ला, दुर्गेश्वरी त्रिपाठी, दीक्षा पांडेय, रूबी पांडेय, मौजूद रहे। प्राचार्य डा. सुनील कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।